## कार्यपत्र–10

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) जो सर्वनाम शब्द किसी निश्चित प्राणी या वस्तु का बोध कराए, वे क्या कहलाते हैं?

(ii) निश्चयवाचक सर्वनाम ✓

(ख) जो मेहनत करेगा वो सफलता प्राप्त करेगा। – रेखांकित सर्वनाम क्या है?

(iv) संबंधवाचक सर्वनाम ✓

(ग) यह कमरा किसका है? – रेखांकित सर्वनाम का भेद बताइए।

(iii) प्रश्नवाचक सर्वनाम ✓

(घ) कोई तुम्हें पुकार रहा है। – रेखांकित सर्वनाम का भेद है–

(ii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम ✓

(ङ) ऐसे सर्वनाम शब्द जो सुनने वाले के लिए प्रयोग हों–

(ii) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे– मैं, तुम, वह, आप आदि।

(ख) सर्वनाम के छह भेद हैं– 1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. संबंधवाचक सर्वनाम 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद हैं– 1. उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम 2. मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम 3. अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

(घ) ऐसे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग वाक्य में आए दो संज्ञा शब्दों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए किया जाए, वे संबंधवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे– जैसा करोगे, वैसा भरोगे।

(ङ) निजवाचक सर्वनाम में 'आप' शब्द का प्रयोग 'अपने आप' के रूप में किया जाता है।

**3. संज्ञाओं के स्थान पर उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कर वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) गौरव ने अपनी बहन को उपहार में पर्स दिया।

(ख) सतीश को उसके मित्रों ने धोखा दिया।

(ग) मालती ने अपनी पुस्तक अपनी सहेली को दे दी।

(घ) कमलेश ने अपने भाई को स्टेशन छोड़ा।

(ङ) प्रिया की सहेली ने उसे उसकी पुस्तक लौटा दी।

**4. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | तुम्हारा | तुम्हारा बैग गाड़ी में पड़ा है। |
| (ख) | उसके | सौरभ उसके भाई के साथ जाएगा। |
| (ग) | हम | हम कल आगरा गए थे। |
| (घ) | आपका | आपका घर कहाँ है? |
| (ङ) | मुझे | मुझे आज बाज़ार जाना है। |